# बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग
### अधिसूचना

आ0सं0–01/स्था0 (स0अ0)–21/2024(पार्ट) 5882 न0वि0 एवं आ0वि0, पटना, दिनांक–27/5/25

बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–1945 दिनांक–13.03.2024 द्वारा 168 सहायक अभियंता (असैनिक) एवं अधिसूचना संख्या– 4007 दिनांक–18.06.2024 द्वारा 03 सहायक अभियंता (असैनिक) कुल 171 सहायक अभियंता (असैनिक) की नियुक्ति की गयी है। उक्त अधिसूचना की कंडिका–02 एवं 06 में वर्णित है कि:–

(क) यह नियुक्ति अभ्यर्थियों के द्वारा समर्पित शपथ पत्र एवं सत्यापन प्रपत्र में अंकित सूचनाओं को प्रथम दृष्टया सही मानकर एवं पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन अनुकूल प्राप्त होने की प्रत्याशा में की जा रही है। सत्यापन के क्रम में प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनकी सेवा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

(ख) पूर्व वृत्त सत्यापन प्राप्त होने की प्रत्याशा में अगले छह माह के लिए इनकी नियुक्ति औपबंधिक रूप से की जाती है।

2. अतः उक्त के आलोक में वर्तमान में 01 सहायक अभियंता (असैनिक) का पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है, जिनकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | सहायक अभियंता (असैनिक) का नाम | पदस्थापन स्थल |
|---|---|---|
| 1 | सुश्री / श्रीमती श्वेता कुमारी | सहायक अभियंता (असैनिक), संख्या–02, बगहा नगर परिषद प्रक्षेत्र, नगर विकास प्रमंडल पश्चिमी चम्पारण, बेतिया |

3. उपर्युक्त तालिका में अंकित सहायक अभियंता (असैनिक) का पूर्व वृत्त सत्यापन (पुलिस सत्यापन) प्राप्त होने एवं सही होने के फलस्वरूप इन्हें वेतन स्तर–09 में अनुमान्य जीवन यापन भत्ता तथा अन्य देय भत्तों सहित वेतन भुगतान की स्वीकृति प्रदान करते हुए अगले आदेश तक अस्थायी रूप से नियुक्ति की जाती है।

4. इनके वेतन का भुगतान इनके प्रशिक्षण स्थल/पदस्थापन स्थल पर प्रभार ग्रहण की तिथि से देय होगा।

5. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
**(रंजन कुमार चौधरी)**
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था0 (स0अ0)–21 / 2024(पार्ट) 5882 / न0वि0एवं.आ0वि0 / पटना, दिनांक 27.5.25

**प्रतिलिपिः**—महालेखाकार बिहार, पटना / वित्त(वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना / संबंधित मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता / सहायक अभियंता / विभागीय लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
27.5.25

सरकार के अवर सचिव।